झारखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी** ने झारखंड उच्च न्यायालय के 15वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

मुख्य बिंदु:

- राज्यपाल **सी.पी. राधाकृष्णन** ने राँची स्थित राजभवन में उन्हें **पद की शपथ दिलाई**
- शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा **अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो** के अलावा कई न्यायाधीश तथा वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी मौजूद थे।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति

- **संविधान के अनुच्छेद 217** में कहा गया है कि **उच्च न्यायालय के न्यायाधीश** की **नियुक्ति राष्ट्रपति** द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) और राज्य के राज्यपाल के परामर्श से की जाएगी
- मुख्य न्यायाधीश के अलावा किसी अन्य न्यायाधीश की नियुक्ति के मामले में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-chief-justice-of-jharkhand-high-court-1